दिन– सोमवार दिनांक– 20 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को आरक्षण का अधिकार देने को लेकर प्रतिबद्ध है।

02. राज्य के उनतीस जिलों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न। मतगणना की प्रक्रिया जारी।

03. राज्य में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण में स्वगणना का कार्य सुचारू रूप से जारी। जनप्रतिनिधियों ने लोगों से जनगणना प्रक्रिया में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

04. और, दक्षिण बिहार के अधिकतर भागों में प्रचंड गर्मी से लोगों की मुश्किले बढ़ी। मौसम विभाग ने कहा–अगले दो दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार महिलाओं को आरक्षण का अधिकार देने को लेकर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने पटना में करगिल चौक पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को रोक कर विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि तैंतीस प्रतिशत महिला आरक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

–––बाइट–––

---

इससे पहले एनडीए की महिला कार्यकताओं ने आज पटना के करगिल चौक पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के खिलाफ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। एनडीए के घटक दलों से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने बापू सभागार से जे.पी गोलंबर होते हुए करगिल चौक तक मार्च निकाला। मार्च में बड़ी संख्या में

महिलाओं की भागीदारी दिखी। आक्रोश मार्च मे पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी, पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह, पटना की महापौर सीता साहू समेत कई वरिष्ठ महिला नेत्रिया शामिल थी।

———————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक को रोक कर विपक्षी दलों ने महापाप किया है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ आक्रोश मार्च सभी जिलों और प्रखंडों में भी आयोजित किया जायेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम विपक्ष को भुगतने होंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने लोकसभा में एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन विधेयक 2026 को मंजूरी नहीं मिलने के बाद कांग्रेस और इसके सहयोगियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं बहुत गुस्से में हैं और भय से मुक्त हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के ऊपर जो दाग लगा है, वो मिटने वाला नहीं है।

———बाइट———

महिलाओं के सामने हम लोग ये बता रहे है अभी कि आगे मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए हमारा सरकार एनडीए काम करते रहेंगे, लेकिन जिन्होंने महिला आरक्षण बिल को गिराया उनको भी सजा मिलना चाहिए, तो ये काला दाग कांग्रेस के ऊपर लगा है, जीवन भर साफ होने वाला नहीं है।

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को रोक कर विपक्ष ने नारी शक्ति को अपमानित करने का काम किया है। पटना में महिला आक्रोश मार्च में शामिल होने के दौरान आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्षी दलों को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

———बाइट———

————————————————————————————————————

कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा सभी आरोपों को खारिज किया है। श्री अनवर ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बीजेपी ने महिला आरक्षण के साथ परिसीमन और जनगणना को जोड़कर इसे पारित किये जाने के रास्ते में बाधा उत्पन्न की और इसे लटका दिया। श्री अनवर ने कहा कि आखिर क्यों दो हजार तैईस में संसद में सर्वसम्मति से पास हो चुके महिला आरक्षण विधेयक को क्रियान्वित नहीं किया गया।

————————————————————————————————————

राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए आज मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए। अत्यधिक गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान में भाग लिया। इस समय मतगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

————————————————————————————————————

विधान परिषद की एक सीट के लिए बारह मई को होने वाले उपचुनाव के लिए आज जदयू उम्मीदवार कन्हैया प्रसाद ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं, राजद उम्मीदवार सोनू कुमार राय ने भी नामांकन दाखिल कर दिया।

————————————————————————————————————

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने चौबीस अप्रैल को विधानसभा के अगामी सत्र के सफल संचालन के लिए बाईस अप्रैल को प्रेस सलाहकार समिति, वरीय पदाधिकारियों और विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक बुलाई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र की कार्यवाही जनता तक सुगमता से पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जायेगी। इस दौरान उनसे सूझाव लिये जायेंगे।

विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ विमर्श कर सत्र के सफल संचालन में उनका सहयोग मांगा जायेगा।

———————————————————————————————

जदयू विधानमंडल दल की आज पटना में एक अणे मार्ग स्थित आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत किया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

———बाइट———

———————————————————————————————

राज्य में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत स्वगणना का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, समेत कई गणमान्य लोगों ने स्वगणना की प्रक्रिया में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया है। इधर, आम लोगों में भी स्वगणना के प्रति काफी रूचि दिख रही है। हमारे जिला संवाददाताओं ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि अब तक नौ हजार लोगों ने स्वगणना के लिए वेब पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कराई है।

———बाइट———

———————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने लोगों से स्वगणना की प्रक्रिया में बढ़ चढ कर भाग लेने की अपील की है। श्री खान ने कैमूर में एक कार्यक्रम में कहा कि जनगणना की प्रक्रिया से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को सरकारी योजना का लाभ भी समेकित रूप से मिल सकेगा।

———बाइट———

————————————————————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। वहीं, रोहतास जिले के डेहरी में अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से चार दिनों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक बना रहेगा। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

————————————————————————————————————

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियल ऑयल ने पांच किलो के छोटे घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए आईवीआरएस नंबर जारी किया है। कंपनी के बेगूसराय मंडल कार्यालय ने सात सात एक आठ नौ पांच पांच पांच पांच पांच नंबर जारी किया है। बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक सत्यप्रकाश ने बताया कि इस नंबर के माध्यम से कोई भी उपभोक्ता बुकिंग करा सकता है और घर पर ही छोटे सिलेंडर की डिलीवरी की जायेगी।

———बाइट———

————————————————————————————————————

गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या सत्ताईस पर बरहिमा टोल प्लाजा के पास एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दर्जनभर से अधिक यात्री घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल लोगों को गोरखपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली से आ रही बस का टायर फट गया जिसके अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

————————————————————————————————————————

मुंगेर पुलिस और एसटीएफ ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई कर एक मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस टीम ने तौफिर दियारा स्थित हीरा राही बहियार में छापेमारी कर एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौके से कई हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

———बाइट———

————————————————————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने नरपतगंज अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी इम्तियाज आलम को रिश्वतखोरी के आरोप में बर्खास्त कर दिया। आरोपी अधिकारी इस मामले में पहले निलंबित किया गया था।

————————————————————————————————————————

भोजपुर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से अलग—अलग मामालों मे वांछित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————————————————

मुंगेर के नगर भवन में सोलर ऋण मेला का आयोजन किया गया। मेले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को अपने घरो में सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

————————————————————————————————————————

सीवान जिले के जीबी नागर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलूपुर गांव में पिछले दिनों सीएसपी संचालनक से नौ लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को

गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि पड़के गए अपराधियों के पास से लूट की राशि के साथ ही हथियार और अन्य समान बरामद किये गए है।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को आरक्षण का अधिकार देने को लेकर प्रतिबद्ध है।

02. राज्य के उनतीस जिलों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न। मतगणना की प्रक्रिया जारी।

03. राज्य में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण में स्वगणना का कार्य सुचारू रूप से जारी। जनप्रतिनिधियों ने लोगों से जनगणना प्रक्रिया में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की। ।

04. और, दक्षिण बिहार के अधिकतर भागों में प्रचंड गर्मी से लोगों की मुश्किले बढ़ी। मौसम विभाग ने कहा–अगले दो दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं।

---

समाप्त